राष्ट्रीय खबर

पीएफआरडीए ने फिक्की के साथ मिलकर कंपनियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) पर एक सम्मेलन आयोजित किया

- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने कंपनियों के बीच एनपीएस को बढ़ावा देने के अपने प्रयास के तहत देश के विभिन्न स्थानों पर एनपीएस कार्यशालाएं आयोजित करने की शुरूआत की है।
- पीएफआरडीए ने फिक्की की महाराष्ट्र राज्य परिषद के साथ मिलकर कल मुंबई में एक कॉरपोरेट सम्मेलन आयोजित किया.

राष्ट्रीय खबर

स्वास्थ्य कार्डों का पंजीकरण/नवीनीकरण

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत ऑफ लाइन मोड में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से लाभार्थियों के लिए एक स्मार्ट कार्ड जारी किया गया है।
- वर्ष 2018-19 के बजट भाषण में सरकार ने अस्पताल में इलाज के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक का कवरेज प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य रक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की थी।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय खबर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति

- सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 तैयार की और उसे अमल में लाई, जिसका उद्देश्य विकास संबंधी सभी नीतियों में निवारक और तत्पर स्वास्थ्य सेवा नीति के जरिए श्रेष्ठतम स्वास्थ्य हासिल करना तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय कठिनाई के बिना उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में कुछ बीमारियों को रोकना और उनके फैलाव में कमी लाना है :
- एचआईवी/एड्स : 2020 के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करना (इसे 90:90:90 लक्ष्य भी कहा गया है)

- 2018 तक कुष्ठ रोग, 2017 तक काला आजार और 2017 तक लिम्फेटिक फाइलेरियासिस को समाप्त करना।

राष्ट्रीय खबर

तोरी-बालूमठ रेल लाइन और बालूमठ-सीसीएल साइडिंग राष्ट्र को समर्पित

- रेल राज्य मंत्री एवं संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनोज सिन्हा ने आज तोरी-बालूमठ रेल लाइन और बालूमठ-सीसीएल साइडिंग को राष्ट्र को समर्पित किया।
- रेल भवन में वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के जरिये गाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए श्री मनोज सिन्हा ने कहा, 'झारखंड के लातेहार क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 170 मिलियन टन कोयले के यातायात को दुरुस्त करने की आवश्यकता महसूस हो रही थी।
- वर्ष 2005-06 से ही तोरी-शिवपुरी 44 किलोमीटर लम्बी नई रेलवे लाइन को मंजूरी दे दी गई थी।

योजनाएँ

अमृत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

- स्मार्ट शहरों और कायाकल्प और शहरी रूपान्तरण के लिए अटल मिशन में शामिल शहरों के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की समेकित योजना के लिए रेल मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय के बीच हाल ही में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- स्मार्ट शहरों की योजना के अंतर्गत निम्नलिखित दस रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई, जिनका पुनर्विकास किया जाएगा:
- तिरुपति, दिल्ली सराय रोहिल्ला, नेल्लौर, मडगांव, लखनऊ, गोमतीनगर, कोटा, ठाणे नया, एर्नाकुलम जंक्शन और पुद्दुचेरी।

पुरस्कार

भारतीय आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोशी 'प्रित्जकर' पुरस्कार से सम्मानित



- भारत के मशहूर आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोशी को 07 मार्च 2018 को 'प्रित्जकर' पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- यह पुरस्कार आर्किटेक्चर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वालों को दिया जाता है।
- बालकृष्ण दोशी को विदेशी परंपरा के मुताबिक इमारत का

निर्माण करने और उसी दौरान अपने गृह क्षेत्र के लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लिए प्रित्जकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार

न्यायाधीश गीता मित्तल 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित

- दिल्ली हाई कोर्ट की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल को 08 मार्च 2018 को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार पहली बार किसी महिला को कानून और न्याय के क्षेत्र में महिलाओं के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।
- यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रपति भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिया गया।
- उन्होंने अप्रैल 2017 में मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभाला था. उनके कार्यकाल में हाई कोर्ट की कार्यशैली में काफी बदलाव देखने को मिला है।

राष्ट्रीय खबर

इच्छामृत्यु के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

- सुप्रीम कोर्ट ने 9 मार्च 2018 को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मरणासन्न व्यक्ति द्वारा इच्छामृत्यु के लिए लिखी गई वसीयत (लिविंग विल) को मंजूरी दे दी।
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक अब कोई मरीज़ सम्मान के साथ मर सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने इच्छामृत्यु के लिए एक गाइडलाइन जारी की है, जो कि कानून बनने तक प्रभावी रहेगी. चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अगुवाई में पांच जजों की संवैधनिक पीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

अर्थव्यवस्था

भारत के विलुप्तप्राय एशियाई शेरों की संख्या बढ़कर 600 हुई

- गिर राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है।
- हाल ही में की गई गणना के अनुसार एशियाई शेरों की जनसंख्या बढ़कर 600 से अधिक हो गई है।
- 1960 के दशक में एशियाई शेरों की संख्या मात्र 160

के आसपास थी।

- इतनी कम संख्या को देखते हुए वनीय संरक्षण कार्यक्रम आरंभ किये गये तथा एशियाई शेरों की जनसंख्या बढ़ने में सफलता प्राप्त की गई।

पुरस्कार

अनिता कुंडू को मिला कल्पना चावला अवार्ड

- हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महिला पर्वतारोही अनीता कुंडू तथा सुनीता सिंह को कल्पना चावला ब्रेवरी अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- हरियाणा सरकार द्वारा इस अवसर पर 34 महिलाओं को सम्मानित किया गया।
- तीन बार एवरेस्ट फतेह करने वाली हिसार की अनिता कुंडू और रेवाड़ी की सुमिता सिंह को कल्पना चावला ब्रेवरी अवार्ड मिला।
- इस पुरस्कार में 51,000 नकद व प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

वैश्विक खबर

आंग सान सू की को दिया गया मानवाधिकार सम्मान वापिस लिया गया

- अमेरिका स्थित हॉलोकास्ट म्यूज़ियम ने 08 मार्च 2018 को म्यांमार की नेता आंग सान सू की को दिए गये प्रतिष्ठित मानवाधिकार सम्मान को वापिस लेने की घोषणा की है।
- हॉलोकास्ट म्यूज़ियम का आरोप है कि सू की रोहिंग्या मुस्लिमों पर हो रहे हमलों को रोकने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही हैं।
- म्यांमार में तानाशाह सैन्य शासन के दौरान 15 साल तक हिरासत में रह चुकी सू की वर्ष 2012 में यह मानवाधिकार सम्मान हासिल करने वाली दूसरी शख्सियत हैं।

राष्ट्रीय खबर

बंद होगी रोटोमैक कम्पनी

- बैंकों ने पहली बार दो रोटोमैक ग्रुप कंपनियों को डेट रीकास्ट प्रोग्राम में 90 दिनों का एक्सटेंशन देने से इनकार कर दिया।
- ये दोनों कंपनियों पर बैंकों का 4,000 करोड़ रुपये बकाया है।
- 180 दिनों की शुरुआती समयसीमा 19 मार्च को खत्म होने जा रही है।

27 लाख में नीलाम हुई महात्मा गांधी के हस्ताक्षर वाली दुर्लभ तस्वीर

● महात्मा गांधी के हस्ताक्षर वाली एक दुर्लभ तस्वीर अमेरिका में 41,806 डॉलर (लगभग 27 लाख रुपये) में नीलाम हुई।

● तस्वीर में गांधी मदन मोहन मालवीय के साथ दिख रहे हैं।

● बॉस्टन शहर स्थित आर. आर. ऑक्शन के मुताबिक यह तस्वीर लंदन में सितंबर, 1931 में दूसरे गोलमेज सम्मेलन के बाद ली गई थी।

● इस दुर्लभ तस्वीर पर फाउंटेन पेन से महात्मा गांधी ने एम. के. गांधी लिखकर अपना हस्ताक्षर किया है।

अर्थव्यवस्था

एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना

● भारतीय रिजर्व बैंक ने परिचालन दिशानिर्देश और अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) नियमों का उल्लंघन करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

● रिजर्व बैंक ने कंपनी पर यह जुर्माना बैंक के दस्तावेजों की जांच करने के बाद लगाया है। उसने पाया कि ग्राहकों की ओर से बिना किसी स्पष्ट रजामंदी के लोगों के खाते खोले गए।

● केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, 'भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 मार्च 2018 को एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। उस पर यह जुर्माना केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किए गए केवाईसी नियमों और पेमेंट्स बैंक परिचालन के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने की वजह से लगाया गया है।

अर्थव्यवस्था

पराग अग्रवाल ट्विटर के नए चीफ टेक्नॉलजी ऑफिसर नियुक्त

माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने पराग अग्रवाल को अपना नया चीफ टेक्नॉलजी ऑफिसर (सीटीओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इस संबंध में जानकारी दी है। अग्रवाल एडम मेसिंगर का स्थान लेंगे जो 2016 के अंत में कंपनी छोड़ चुके हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

पराग आईआईटी मुंबई के छात्र रहे हैं और उन्होंने स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की है। अग्रवाल 2011 में ट्विटर से जुड़े थे। तब उन्हें ऐडवर्टाइजमेंट इंजिनियर की जिम्मेदारी दी गई थी। ट्विटर में आने से पहले वह माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च, याहू रिसर्च और एटीऐंडटी लैब्स से जुड़े रहे हैं। ट्विटर ने आंतरिक तौर पर सीटीओ के रूप में उनकी नियुक्ति का ऐलान अक्टूबर 2017 में ही कर दिया था।

ट्विटर में पराग के योगदानों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से ट्विटर यूजर्स की टाइमलाइंस में ट्वीट्स के औचित्य बढ़ाने के प्रयास भी शामिल हैं। ट्विटर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद से खुद के गलत इस्तेमाल को भी रोकता है।